Title: Need to provide financial assistance to Government of Rajasthan for providing relief to the farmers affected by deployment of troops in border areas of the State- Laid.

श्री रामेश्वर डूडी (बीकानेर): राजस्थान के लगी पाक सीमा पर सेना की तैनाती से सीमा क्षेत्र में रहने वाले किसानों को भारी नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने सीमावती जिलों के गांवों में हर प्रकार के राजस्व की वसूली पर रोक लगा दी और जिला कलेक्टरों को नुकसान का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान के पाक सीमा से लगे चार जिलों के सैंकड़ों गांवों में न सिर्फ फसल बर्बाद हो गयी है बल्कि इन गांवों के बाशिंदों के पशुधन की चराई के काम आने वाले चारागाह भी तबाह हो गए हैं। इसके अलावा सीमावर्ती जिलों में वाहनों की आवाजाही से इंदिरा गांधी नहर परियोजना की सहायक नहरों को पानी खेतों तक ले जाने वाली वितरिकाओं को भी काफी नुकसान हुआ है। भारतीय सेना इस क्षेत्र की सीमा पर भारी सैनिक साजोसामान के साथ ही बख्तरबंद वाहन और टैंक भी लेकर आयी है, जिनके इधर उधर जाने से खेतों में खड़ी फसलें नट हो गयी हैं। सेना ने सीमा पर बड़े पैमाने पर बारूदी सुरंगे भी बिछायी हैं। इन्हें बिछाते समय किसानों को खेत को खाली करने पड़े हैं। इस क्षेत्र में चारों सीमावर्ती जिलों के कलक्टरों ने प्रारंभिक अनुमानों पर आधारित जो रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी है, उसमें लगभग 200 करोड़ के नुकसान का अंदाजा लगाया गया है।

मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि राजस्थान के सीमावर्ती इन चारों जिलों के किसानों को हुए नुकसान की जांच करायी जाए तथा नुकसान की भरपायी के लिए राज्य सरकार को 200 करोड़ की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।